बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना

(वेबसाईट https://bpssc.bihar.gov.in)

संदर्भ : विज्ञापन संख्या–02/2025

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में ‘‘वनों के क्षेत्र पदाधिकारी’’ के पद पर चयन हेतु साक्षात्कार एवं Interview Call Letter संबंधी सूचना

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में ‘‘वनों के क्षेत्र पदाधिकारी’’ के रिक्त 24 पदों पर चयन हेतु जारी किये गये विज्ञापन संख्या–02/2025 के क्रम में पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक–19.11.2025 से 21.11.2025 तक निम्नांकित कार्यक्रमानुसार पटना में आयोजित किया जायेगाः–

दिनांक	शिफ्ट	समयावधि	रिपोर्टिंग टाईम
19.11.2025	प्रथम शिफ्ट	10:00 बजे पूर्वा0 से	09:00 बजे पूर्वाह्न
	द्वितीय शिफ्ट	14:30 बजे अप0 से	13:30 बजे अपराह्न
20.11.2025	प्रथम शिफ्ट	10:00 बजे पूर्वा0 से	09:00 बजे पूर्वाह्न
	द्वितीय शिफ्ट	14:30 बजे अप0 से	13:30 बजे अपराह्न
21.11.2025	प्रथम शिफ्ट	10:00 बजे पूर्वा0 से	09:00 बजे पूर्वाह्न

(2) Interview Call Letter– साक्षात्कार हेतु उम्मीदवारों के Interview Call Letter आयोग की वेबसाईट https://bpssc.bihar.gov.in के ‘Forest Dept.’ टैब पर दिनांक–30.10.2025 से उपलब्ध रहेगा। उम्मीदवार अपना Interview Call Letter एवं संलग्न Personal Profile Sheet डाउनलोड कर प्रिंट आउट ले लें तथा Personal Profile Sheet को पूर्णरूपेण भरकर आयोग के वेबसाईट में दिये गये लिंक पर अपलोड कर दें। स्पष्ट किया जाता है कि डाक द्वारा Interview Call Letter एवं Personal Profile Sheet नहीं भेजा जायेगा। साक्षात्कार केन्द्र पर साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए Interview Call Letter के साथ अपना एक वैध फोटो पहचान–पत्र जैसे–मतदाता पहचान–पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड अथवा आधार कार्ड भी प्रस्तुत करना होगा। यदि Interview Call Letter एवं Personal Profile Sheet पर फोटो स्पष्ट नहीं है या उपलब्ध नहीं है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी साक्षात्कार स्थल पर अपने साथ 2 (दो) फोटोग्राफ (दो माह के भीतर का खींचा हुआ) भी लायेंगे।

(3) जो अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाईट से Interview Call Letter डाउनलोड नहीं कर सकें वे दिनांक–11.11.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 17:00 बजे तक बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के 5, हार्डिंग रोड, पटना–800001 स्थित कार्यालय से डुप्लिकेट Interview Call Letter

अपने आवेदन–पत्र के पावती की छायाप्रति एवं एक वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र के साथ आयोग के उपरोक्त कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपने खर्च पर प्राप्त कर सकते हैं।

(4) अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अपने Personal Profile Sheet की एक अतिरिक्त प्रति (हार्ड कॉपी) पूर्णरूपेण भरकर साक्षात्कार के समय आयोग के समक्ष उपस्थापित करेंगे। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि अपना Interview Call Letter को परीक्षा के बाद भी सुरक्षित रखें, क्योंकि बाद के विभिन्न प्रक्रियाओं शारीरिक सामर्थ्य परीक्षा, अभिलेख सत्यापन एवं योगदान के समय नियुक्ति प्राधिकार/आयोग द्वारा इसकी मांग की जा सकती है।

(5) अभ्यर्थियों को पुनः सूचित किया जाता है कि परीक्षा केन्द्र पर प्रथम शिफ्ट के अभ्यर्थियों के लिए रिर्पोटिंग टाइम 09:00 बजे पूर्वाहृन एवं द्वितीय शिफ्ट के लिए अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग टाईम 13:30 बजे अपराहृन है। इस के बाद अभ्यर्थियों को साक्षात्कार केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

(6) साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि एवं समय में परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

ह0/–

अध्यक्ष,

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,

पटना।

पत्र संख्या बि0पु0अ0से0आ0/परीक्षा–01–03/2025–856 दिनांक–29.10.2025

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग का कार्यालय,

5, हार्डिंग रोड, पटना – 800001